# ग्राम पंचायत महालपट्ट, विकास खण्ड बैजनाथ जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176125 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत महालपट्ट, विकास खण्ड बैजनाथ, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संचालित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती आशा देवी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री देश राज | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री बलदेव कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती बबीता देवी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

ग्राम पंचायत महालपट्ट के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| क्र० सं० | पैरा सं• | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 16.64 |
| 2 | 4.2 | निर्धारित सीमा से अधिक नकद हस्तगत राशि रखना | 0.63 |
| 3 | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 24.20 |
| 4 | 7 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.35 |
| 5 | 8 | विवाह पंजीकरण शुल्क का पंचायत निधि में अनियमित जमा करवाना | 0.13 |
| 6 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 1.60 |
| 7 | 9.2 | खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान करना | 8.77 |
| 8 | 10 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 2.81 |
| 9 | 11.1 | निर्माण सामग्री हेतु अनियमित भुगतान करना | 1.24 |
| 10 | 11.2 | व्यक्तिगत लाभार्थी की जमीन में कार्य करवाने के लिये सामग्री खरीद हेतु अधिक भुगतान करना | 0.80 |
| 11 | 12 | स्त्रोत पर जी०एस०टी/टी०डी०एस०की कटौती न करने से सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि | 0.14 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–**

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत महालपट्ट का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2019 से 31/03/2021 के लिये किया गया था, जिसके अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:–

**(1)अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2019 से 31/03/2021 तक**

| क्र० सं० | पैरा सं० | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 2 | 4 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 3 | 4.1 | अनिर्णीत | — |
| 4 | 4.2 (i) | अनिर्णीत | — |
| 5 | 4.2 (ii) | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 6 | 4.2 (iii) | अनिर्णीत | — |
| 7 | 4.3 | अनिर्णीत | — |
| 8 | 4.4 | अनिर्णीत | — |
| 9 | 5 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 10 | 6 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 11 | 7 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 12 | 8 | अनिर्णीत | — |
| 13 | 9 | अनिर्णीत | — |
| 14 | 10 | अनिर्णीत | — |
| 15 | 11 | अनिर्णीत | — |
| 16 | 12 | अनिर्णीत | — |
| 17 | 13 | अनिर्णीत | — |
| 18 | 14 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 19 | 15 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |
| 20 | 16 | निर्णीत | जिला पंचायत अधिकारी काँगड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.01.22 से 12.01.22 तक ग्राम पंचायतों के पैरा समायोजन के विशेष अभियान के दौरान निर्णीत। |

## भाग–दो

**2. वर्तमान अंकेक्षणः–**

ग्राम पंचायत महालपट्ट के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 21.02.2025 से 01.03.2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीम वाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022–23 | 09/2022 | 01/2023 |
| 2023–24 | 06/2023 | 07/2023 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :–वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/137 दिनांक–01.03.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि काँगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक बैजनाथ के मल्टीसिटी चैक संख्या 364090 दिनांक 20.03.2025 द्वारा निदेशक, हि0 प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2025/119 दिनांकः–21.02.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में भी दिया गया हैः–

1.स्वः–**स्त्रोतः–**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 2028285.25 | 1131237.00 | 3159522.25 | 1244837.00 | 1914685.25 |
| 2023-24 | 1914685.25 | 952215.88 | 2866901.13 | 987615.00 | 1879286.13 |

2.अनुदानः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 2607834.20 | 3925601.00 | 6533435.20 | 3765241.00 | 2768194.20 |
| 2023-24 | 2768194.20 | 3341140.30 | 6109334.50 | 3689002.30 | 2420332.20 |

**कुल योग** (1+2)1879286.13+2420332.20 **=42,99,618.33**

**(ख) बैंक समाधान विवरणीः–**

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹42,99,618.33 तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट–3**" अनुसार अन्तशेष ₹26,35,398.15 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत/तीसरां वित/वी.के.वी.एन.वाई/एस.डी.पी/एम.पी.लेड/एस.बी.एम | का•के•सह•बैंक बैजनाथ | 20016004952 | 759399.90 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 14वॉं वित्त | का•के•सह•बैंक बैजनाथ | 50068861028 | 0.00 |
| 3 | 15वॉं वित्त / पी.एस / जेड.पी | कैनरा बैंक बैजनाथ | 5073101004009 | 1810946.00 |
| 4 | हस्तगत शेष (स्वःस्त्रोत की ऑनलाईन रोकड़ बही के अनुसार) | | | 63423.25 |
| 5 | हस्तगत शेष (14वां वितायोग की ऑनलाईन रोकड़ बही के अनुसार) | | | 1629.00 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹2635398.15 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹4299618.33 |
| पंचायत के बैंक खातों / नकद का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | | | | ₹2635398.15 |
| अन्तरः– | | | | **1664220.18** |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹16.64 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत महालपट्ट द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹1664220.18 का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 124 दिनांकः–24.02.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–15 दिनांकः–01.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया कि उक्त राशि का अंतर रोकड़ बही में अधिक पाया गया, जिसकी बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणो बारे समर्थित अभिलेखो सहित तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक

समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

### (घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः—

निदेशक, पंचायती राज विभाग हि0प्र0 के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खातें खोले जाने का प्रावधान है।

सचिव ग्राम पंचायत महालपट्ट द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "3"** व बैंक खातों के अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे, बल्कि स्वः स्त्रोत, व तीसरा वित्त तथा एस.डी.पी, वी.के.वी.एन.वाई, एम.पी.लेड व एस.बी.एम आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20016004952 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति न दर्शाने एवं नियमों/निर्देशों के विपरीत होने के कारण आपतिजनक है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/128 दिनांकः–25.02.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–15 दिनांकः–01.03.2025 द्वारा अवगत करवाया कि शीर्ष वाईज खातो का अनुसंधारण दिया कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार स्कीम वाईज खातो का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ही बैंक खातो का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 4.2 निर्धारित सीमा से अधिक नकद हस्तगत राशि का रखनाः—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 10(3) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा ₹1000/– तक की राशि ही इम्प्रैस्ट/अग्रदाय रूप में हस्तगत रखी जा सकती है।

नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न तालिका में दिए गए विवरणानुसार प्रावधित सीमा से अधिक नकद राशि को हस्तगत रखा गया था जो कि नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित व आपतिजनक है।

अतः इस अनियमितता का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार ही कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | रो॰ ब॰ पृ॰ | दिनाँक | सीमा से अधिक रखी गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | 1 | 29.04.2022 | 63450.25 |
| 2. | 3 | 25.06.2022 | 63450.25 |
| 3. | 16 | 27.09.2022 | 63423.25 |
| 4. | 17 | 24.02.2023 | 63423.25 |
| 5. | 33 | 31.03.2023 | 63423.25 |
| 6. | 1 | 31.04.2023 | 63423.25 |
| 7. | 11 | 05.08.2023 | 63423.25 |
| 8. | 18 | 25.10.2023 | 63423.25 |
| 9. | 29 | 22.02.2024 | 63423.25 |

## 5 निवेश न करने बारेः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्टीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियो में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणवधि के दौरान ₹14,37,868.02 से ₹7,59,399.90 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना सख्यां राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/136 दिनांकः 01.03.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– 15 दिनांक 01.03.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6.1 अनुदान राशि ₹24.20/– लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2025/119 दिनांकः–21.02.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹24,20,332.20/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 14वाँ वित्त | 31.03.2024 | 623020.20 |
| 2 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1797312.00 |
| | | **कुल जोड** | **2420332.20** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/125 दिनांक–24.02. 2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–15 दिनांकः–01.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 6.2 सभा निधि से राशि ₹1.28/– लाख का जियो डिजिटल फाईवर प्राईवेट लिमिटेड को अनियमित हस्तांतरण करने बारे :–

हि0प्र0 पंचायती राज विभाग (वित्त, बजट, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 44 के प्रावधानानुसार वित्तीय औचित्य के सिद्धान्तों का अनुपालन किया जाना अपेक्षित है। वर्तमान अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि ₹128000/– का हस्तांतरण सभा निधि से जियो डिजिटल फाईवर प्राईवेट लिमिटेड को किया गया। परन्तु इस

हस्तांतरित राशि से संबंधित फण्ड हस्तांतरण आदेश या सक्षम अधिकारी द्वारा पारित आदेशो से संबंधित अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गयाः–

| क्र0सं0 | अनुदान/मद | वाउचर सं0/ दिनांक | रोकड़ बही पृ0 संख्या | खाता संख्या | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सभा निधि | पी/54/ 26.12.2023 | 23 | 20016004952 | 128000 |

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/136 दिनांक–01.03.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–15 दिनांकः–01.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि जियो डिजिटल फाईवर प्राईवेट लिमिटेड को हस्तांरित की गई राशि के फण्ड हस्तांतरण आदेश आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिये जायेंगें। प्रस्तुत प्रत्युतर संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त किये गए अनियमित हस्तांतरण बारे नियमानुसार सम्पूर्ण समर्थित अभिलेखो सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा उक्त को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए व यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फण्ड हस्तांतरण आदेशों उपरान्त ही हस्तांतरण करना सुनिश्चित किया जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः–**

**7 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.35 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2025/119 दिनांकः–21.02.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹35350**/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की राशि का बिना पर्याप्त कारणो के शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर

दर्शाए गए दिनांक 31.03.2024 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि व अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/126 दिनांकः–25.02.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–15 दिनांकः–01.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा सम्पति कर मांग व संग्रह रजिस्टर को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके, भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा सम्पति कर/गृहकर मांग व संग्रह रजिस्टर को भी तैयार करके व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**8 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि ₹0.13/– लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाकर पंचायत निधि में अनियमित जमा करने बारेः–**

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः–04.10.2016 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/119 दिनांकः–21.02.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत महालपट्ट द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान राशि ₹13000 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा न करवाकर पंचायत के निधि खाते में जमा करवाया गया था, जोकि अनियमित ही नहीं बल्कि आपतिजनक भी है।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/127 दिनांकः–25.02.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत महालपट्ट के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– 15 दिनांकः–01.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि सभा निधि में जमा करवाई गई, जिसे सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹1.60 लाख के स्टॉक का क्रय करनाः—**

हि॰प्र॰ पंचायती राज विभाग (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत महालपट्ट के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा, संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार ₹159627/— का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/131 दिनांकः—27.02.2025 द्वारा उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—15 दिनांकः—01.03.2025 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9.2 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹8.77 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः—**

हिमाचल प्रदेश माइनंर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81—ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मासो के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण व सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹877357/– का अनियमित भुगतान किया गया तथा पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते है।

इस वित्तीय अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/132 दिनांकः–01.03.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–15 दिनांकः–01.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है, प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया, क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्त्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानो को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा ऐसे सभी प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 10 निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में राशि ₹2.81/– लाख के अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारेः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 01/2023 व 07/2023 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि ₹280939/–का भुगतान किया

गया था, परन्तु निम्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं कियें गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सकाः—

| क्र0सं0 व अनुदान शीर्ष | वाउचर स0 / दिनांक | बिल संख्या / दिनांक | कार्य का नाम | भुगतान राशि (₹) | वांछित अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.वी.के.वी.एन.वाई | पी / 72 / 86 / 30.01.23 | 09 / 20.09. 2022 | निर्माण राणा महिला मण्डल भवन वार्ड–7 | 50168 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 2.वी.के.वी.एन.वाई | पी / 60 / 81 / 05.01.23, पी / 31,32 / 77 ,78 / 06.07. 2023 | 297208 / 12. 10.2022,एस. सी / 23–24 / 0570,001 / 17.05. 2023,20.05. 2023 | कम्पलीशन महिला मण्डल भवन नोहरा वार्ड–3 | 41291 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 3.14वां वित | पी / 16 / 85 / 30.01.23 | 20 / 20.10. 2022 | निर्माण पंचवटी पार्क महालपट्ट वार्ड–6 | 28832 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 4.15वां वित | पी / 29 / 128 / 02.01.23 | 031 / 26.12. 2022 | निर्माण जीपेवल रोड हरीजन बस्ती घाड वार्ड 4 | 28284 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 5.जेड.पी | पी / 32 / 52 / 23–24 / 02. 01.23 | एस.एस.एस. इ / 23–24 / 0047 / 28.04. 2023 | सोलरलाईट स्थापन्न नजदीक घाड, मन्दिर वार्ड 4 | 13070 | माप–पुस्तिका |
| 6.जेड.पी | पी / 33 / 53 / 23–24 / 02. 01.23 | एस.एस.एस. इ / 23–24 / 0047 / 28.04. 2023 | सोलरलाईट स्थापन्न नजदीक अवस्थी बस्ती नोहरा वार्ड 3 | 13070 | माप–पुस्तिका |
| 7.जेड.पी | पी / 34 / 54 / 23–24 / 02. 01.23 | एस.एस.एस. इ / 23–24 / 0047 / 28.04. 2023 | सोलरलाईट स्थापन्न नजदीक दूलो राम के घर वार्ड 1 | 13070 | माप–पुस्तिका |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8.जेड.पी | पी / 35 / 55 / 23–24 / 02.01.23 | एस.एस.एस.इ / 23–24 / 0047 / 28.04.2023 | सोलरलाईट स्थापन्न नजदीक अजय शर्मा के घर वार्ड 2 | 13070 | माप–पुस्तिका |
| 9.मनरेगा | शून्य / 04.01.2023 | मस्ट्रोल 5927 | निर्माण डंगा नजदीक उतम अवस्थी स्पुत्र खयाली राम वार्ड 3 | 13144 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 10.मनरेगा | शून्य / 07.01.2023 | 881 / 20.01.2022 | निर्माण डंगा नजदीक प्राण नाथ स्पुत्र अवस्थी की जमीन में वार्ड 3 | 22480 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 11.मनरेगा | शून्य / 07.01.2023 | 882 / 20.01.2022 | निर्माण डंगा नजदीक सुनील कुमार स्पुत्र अमर सिंह वार्ड 3 | 22480 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 12.मनरेगा | शून्य / 07.01.2023 | 952 / 01.02.2022 | निर्माण डंगा नजदीक जगत राम की जमीन वार्ड 1 | 21980 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| | | | **कुल योग** | **280939** | |

वांछित अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे सचिव ग्राम पंचायत महालपट्ट से अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 129 दिनांकः–27.02.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–15 दिनांक 01.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि माप–पुस्तिकाओं व अन्य अभिलेखो को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः सचिव द्वारा उपरोक्त अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना एक गम्भीर अनियमितता है, जिसका औचित्य उक्त वर्णित नियमानुसार तथ्यों सहित स्पष्ट किया जाये व नियमानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही सहित अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षाणार्थ प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 11.1 निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतु ₹1.24 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

सचिव (RD&PR) हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.PCH-HC(10) FFC-Misc-60819-978 दिनांक 13.11.2018 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण सामग्री के

अंतर्गत निम्न विवरणानुसार राशि ₹124243 के पेवर ब्लॉक्स तथा टाइल्स का क्रय हि0 प्र0 सरकार के स्वीकृत माध्यम नियंत्रक भंडार के Rate Contract अथवा Gem Portel से अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही खुले बाजार से तीन निविदाये आमंत्रित करके किया गया था तथा न हीं ग्राम पंचायत द्वारा उक्त पत्र में वर्णित प्रावधान "It will be mandatory for the concerned technical authority to give justification of the rates in the estimate.Before placing the supply order or awarding the work to lowest bidder justification of rates may be prepared and got approved from the one step up authority who has accorded Technical sanction." अनुसार निर्माण कार्यों हेतु अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई गई थी, परिणामस्वरूप किया गया भुगतान अनियमित है, जोकि आपतिजनक है:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं0/दिनांक | मास | विवरण | मात्रा | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREGA | NIL/26.07.2023 | 07/2023 | 60mm(Paver.Block)from M/s Amit Katoch Govt. Contractor Mahalpatt Bill No 0079 dt.-21.11.2022 | 60sqm | 39000 |
| 2 | NREGA | NIL/26.07.2023 | 07/2023 | 60mm(Paver.Block)from M/s Amit Katoch Govt. Contractor Mahalpatt Bill No 0080 dt.-21.11.2022 | 60sqm | 39000 |
| 3 | NREGA | NIL/26.07.2023 | 07/2023 | 60mm(Paver.Block)from M/s Amit Katoch Govt. Contractor Mahalpatt Bill No 0081 dt.-21.11.2022 | 45.14 sqm | 29341 |
| 4 | $15^{TH}$ FC | P/53/84/21.07.2023 | 07/2023 | 60mm(Paver.Block)from M/s Sunny Bros.Bijapur Jaisinghpur Bill No 050 dt.-03.07.2022 | 1030 | 16902 |
| | | | | | **Total** | **124243** |

उपरोक्त अनियमितता के दृष्टिगत किये गए क्रय तथा वर्णित पत्रानुसार कार्यवाही न करने का औचित्य स्पष्ट करने हेतु जारी अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/134 दिनांक:–01.03.2025 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय के पत्र संख्या:–15 दिनांक:–01.03.2025 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है तथा भविष्य में नियमानुसार ही सामग्री क्रय की जाएगी। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए उक्त व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही पेवर ब्लॉक्स का क्रय करना सुनिश्चित करें व कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**11.2 व्यक्तिगत लाभार्थी की जमीन में कार्य करवाने के लिये सामग्री खरीद हेतु निर्धारित अनुपात से व्यय न करके ₹0.80/—लाख का अधिक भुगतान करना:—**

ग्रामीण विकास विभाग के पत्र संख्या— SMS-1/2021-22-RDD-Implementation-MGNREGA-5684-5808 , Dated:-25-05-2022 के अनुसार The amount of component which is to be reimbursed in the account of individual beneficiaries shall be restricted to the maximum of 40% of the actual total cost of the work by applying the following formula:—Actual unskilled labour cost X 2/3= material cost के अनुसार भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार करवाये गये निर्माण कार्यों में उक्त नियमानुसार भुगतान न करके ₹80407/— का अधिक भुगतान किया गया था:—

| अनुदान | वाउचर सं0/ दि0 | बिल सं0/दि0 | कार्य का नाम | अपेक्षित भुगतान (Unskilled +Material) (₹) | किया गया भुगतान (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मनरेगा | निल/20.01.23 | मस्ट्रोल संख्या— 6128,585/20.01.2023 | नि0 वाटर टैंक मदन लाल स्पुत्र लखिया राम वार्ड 6 | 44813 (26888+(26888X 2/3) | 72369 | 27556 |
| मनरेगा | निल/20.01.23 | मस्ट्रोल संख्या— 6129 | नि0 वाटर टैंक राम प्रसाद स्पुत्र परस राम वार्ड 7 | 43400 (26040+(26040X 2/3) | 74187 | 30787 |
| मनरेगा | निल/27.07.23 | 597/निल | नि0 वाटर टैंक सुरेश मल्होत्रा स्पुत्र जगदीश चन्द वार्ड 4 | 37393 (22436+(22436X 2/3) | 59457 | 22064 |
| | | | | | कुल योग | **80407** |

मनरेगा शीर्ष के अन्तर्गत सामग्री पर अधिक व्यय करने का उक्त प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/130 दिनांक:—27.02.2025 द्वारा

सचिव, ग्राम पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 15 दिनांकः–01.03.2025 द्वारा अवगत करवाया किया गया कि व्यक्तिगत लाभार्थी की जमीन में कार्य करवाने हेतु निर्धारित अनुपात से व्यय न करके अधिक भुगतान किया, जोकि ऑनलाईन DPR ENTRY के हिसाब से किया गया, जिसमें DPR में निर्धारित अनुपात 60:40 को नहीं अपनाया गया था। प्रस्तुत उत्तर उपरोक्त दिशा–निर्देशों के अनुसार न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उपरोक्त किये गये अधिक भुगतानों को या तो उनके सम्पूर्ण समर्थित अभिलेखो सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा इन मामलों में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए। उपरोक्त के अतिरिक्त, अंकेक्षण अवधि में इस प्रकार के अन्य मामलों में यदि इस तरह की वितीय अनियमितता पाई जाती है तो उसकी भी विभागीय जांच उपरान्त तदानुसार अपेक्षित कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाए।

## 11.3 मनरेगा के अंतर्गत करवाये गए निर्माण कार्य के लिये सामग्री खरीद हेतु ₹0.01 लाख का अधिक भुगतान करना :–

हि0प्र0 पंचायती राज विभाग, (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 76 के प्रावधानानुसार सम्बद्ध पंचायत सचिव, अति संदाय चाहे सदभाव से किया गया हो, की तत्तपर वसूली करने का जिम्मेदार होगा। निर्माण डंगा नजदीक केवल सिंह जम्बाल सुपुत्र बुधी सिंह वार्ड 6 की रिकार्ड प्रविष्टियों का अवलोकन करने पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 10624 के पृष्ठ संख्या 5 तथा 10539 के पृष्ठ संख्या 88 व 95 में निर्माण सामग्री, बजरी का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 1059 दिनांक 20.02.2022 के अनुसार निर्माण सामग्री बजरी 390 cft का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण **₹1054/–** का अधिक भुगतान किया गया थाः–

| क्र0 सं0 | अनुदान | सामग्री | क्रय की गई सामग्री की मात्रा | निर्माण कार्यो पर उपयोग हुई सामग्री की मात्रा | अंतर (₹) | दर (₹) | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नरेगा | बजरी | 390 cft | 359cft | 31 | 34 | 1054 |

**<u>वास्तविक खपत योग्य सामग्री का विवरण :–</u>**

1. Item-3,2,1 P/L(1:3:6)-10.88(4.04+5.11+1.73)m3X.89(Agg. Factor)+5%(Varitation)=359cft

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/136 दिनांकः–01.03.2025 द्वारा

अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–15 दिनांक:–01.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त कार्य के लिये सामग्री खरीदने हेतु अधिक भुगतान किया गया, जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरांत संबंधित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत अधिक किये गए भुगतान की वसूली उचित स्त्रोत से करना सुनिश्चित की जाये तथा संबंधित शीर्ष में जमा करवाकर व कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त यह भी सुझाव दिया जाता है कि माप–पुस्तिकाओं में उच्च तकनीकी अधिकारियों के अनुमोदन/सत्यापन उपरांत ही भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**12 स्त्रोत पर जी० एस०टी /टी० डी० एस० की कटौती करने हेतु अपेक्षित अभिलेख संधारित न करने के कारण राशि ₹0.14 लाख के सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि:-**

हिमाचल प्रदेश आबकारी एवं कराधान विभाग पत्र संख्या 12-4/78-EXN-TAX-पार्ट–(278/25)-29056,दिनाक 29-09-18 के अनुसार किसी भी सरकारी विभाग /स्थानीय निकाय/सरकारी एजेंसी/बोर्ड और अन्य निकाय द्वारा संविदाकार/फर्म/आपूर्तिकर्ता को दिनांक 01-10-18 से गुड्स व सेवाओं और दोनों की आपूर्ति हेतु सिंगल अनुबंध के तहत व अन्तर्राज्यीय सप्लाई के लिये ₹ 2.5 लाख से अधिक की अदायगियों से @2%(1%SGST+1%CGST) की दर से GST/TDS काटने एवं उसे अगले माह की 10 तारीख तक सरकारी कोष में जमा करवाने का प्रावधान है।

वर्तमान अंकेक्षण अवधि के नमूना अंकेक्षण व ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत "**परिशिष्ट -8**" अनुसार 15 वां वित्त व मनरेगा शीर्षों के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों को करवाने हेतु निम्न विवरणानुसार राशि **₹**689455/- की निर्माण सामग्री की प्राप्ति की गई थी, किन्तु उक्त नियम प्रावधानों के दृष्टिगत आपूर्तिकर्ता से स्त्रोत पर कर राशि **₹**13789**/-** की कटौती (जी.एस.टी./टी.डी.एस) नहीं की गई थी:-

| **क्रम स०** | **वा०/दिनांक** | **कॉन्ट्रैक्टर/फर्म का नाम** | **परिशिष्ट के अनुसार भुगतान की गई राशि (₹)** | **स्त्रोत पर कर कटौती (TDS) की राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिशिष्ट अनुसार (क्रम स० 1 से 27) | मै०सोहन सिंह सकडी बैजनाथ | 689455.25 or say 689455 | 13789 or say 13789 |

